# चौड़ीकरण, अतिक्रमण, स्वच्छता और जल संरक्षण पर कई अहम फैसले

▶ महापौर और निगमायुक्त दोनों हुए मुखर, अतिक्रमण भी हटाया

**उज्जैन। शहर के विकास, स्वच्छता और यातायात सुधार को लेकर नगर निगम ने एक ही दिन में कई अहम मोर्चों पर सख्त और सिलसिलेवार कार्रवाई की। महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल बैठक में जहां चौड़ीकरण से प्रभावितों के मुआवजे समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। वहीं दूसरी ओर निगम अमले ने सड़कों पर अतिक्रमण हटाने, तालाबों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान को लेकर भी सख्ती दिखाई।**

बैठक में निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गा सिंह चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कई प्रस्तावों को मंजूरी

शहर में यूजर चार्ज लागू करने, जीर्ण-शीर्ण शौचालयों को हटाकर एसबीएम 2.0 के तहत नए निर्माण, निगम कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में वृद्धि, वर्ष 2026-27 के टैक्स निर्धारण और देवास रोड स्थित स्विमिंग पूल के संचालन जैसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

### गदा पुलिया से जयसिंहपुरा

सबसे अहम निर्णय गदा पुलिया से जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल (भगत सिंह मार्ग) के चौड़ीकरण कार्य को लेकर रहा, जिसमें पूर्ण रूप से प्रभावित भवन स्वामियों के मुआवजा प्रकरणों को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। साथ ही 75 प्रतिशत से अधिक प्रभावित दुकानदारों को निगम के निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में प्राथमिकता से स्थान देने का निर्णय भी लिया गया।



### अतिक्रमण हटाया-जल संरक्षण और पर्यावरण

इसी के साथ शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए भार्गव मार्ग सब्जी मंडी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। निगम आयुक्तत के निर्देश पर रिमूवल गैंग ने दुकानों के बाहर तक फैले काउंटर हटाए। जिससे आमजन को हो रही परेशानी और ट्रैफिक जाम से राहत मिली। पूर्व सूचना के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने वालों पर सख्ती दिखाते हुए सामान जब्त करने की कार्रवाई भी की गई। जल संरक्षण और पर्यावरण को लेकर भी निगम सक्रिय नजर आया। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने पार्षद दिलीप परमार के साथ गंधर्व तालाब और पुरुषोत्तम सागर का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, पौधारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी अधिक मास को देखते हुए सप्त सागर क्षेत्रों में विशेष सफाई और पूजा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### स्वच्छता को लेकर जनजागरण अभियान

स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए मिर्ची नाला और फ्रूट मार्केट क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाने और जुर्माना कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। वहीं स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत उन्हेल नगर परिषद में स्वच्छता गतिविधियां चलाकर नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान रविकांत मगरदे, हरीश व्यास, इदरीश खान व अधिकारी मौजूद रहे। इसी कड़ी में स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष अभियान के तहत महापौर मुकेश टटवाल स्वयं वार्ड 24 क्षीरसागर और वार्ड 34 गऊघाट में श्रमदान कर अभियान को गति देंगे।

एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

# असंतुष्ट ग्राहक नि:शुल्क घर बैठे बदल सकेंगे रसोई गैस एजेंसी



**उज्जैन। एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। भारत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अपना गैस कनेक्शन उसी कंपनी की अन्य एजेंसी पर स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा सभी गैस कंपनियों द्वारा दी जा रही है।**

क्षिप्रा उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव ने जनहित में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार ने यह अहम कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि भारत गैस कंपनी, इंडियन ऑयल कंपनी और हिंदुस्तान ऑयल कंपनी के उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता अपनी वर्तमान गैस एजेंसी की सेवाओं से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपनी पसंद की किसी अन्य गैस एजेंसी पर जाकर निशुल्क अपना एजेंसी परिवर्तन करवा सकता है।

एजेंसी बदलने की इस प्रक्रिया को आसान और सुलभ भी बनाया गया है। यदि उपभोक्ता चाहें तो वे स्वयं भी मोबाइल के माध्यम से अपनी गैस एजेंसी बदल सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संबंधित गैस कंपनी का एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा, जिसके जरिए वे घर बैठे इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

## एक नजर में



### पर्यटकों की सुरक्षा और सम्मान का संदेश

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल के निर्भया कोष से पोषित सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड संस्था द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत शहर में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आईईसी गतिविधि के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन में आरपीएफ के स्टाफ और अधिकारीगण का विशेष सहयोग रहा। परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी ने बताया कि संस्था द्वारा उज्जैन के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जाकर ऑटो चालक, दुकानदार, होटल संचालक और आमजनों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। नाटक के जरिए महिला पर्यटकों का सम्मान करें। उनसे मनमाना किराया न वसूलें और झूठ बोलकर फूल-प्रसाद की टोकरी अधिक मूल्य पर न दें। ऐसा करने से शहर की छवि खराब होती है और पर्यटकों में नकारात्मक संदेश जाता है। इस आयोजन में आरपीएफ स्टाफ से निरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव, एएसआई शिवसिंह बघेल, कांस्टेबल प्रदीप, महिला कांस्टेबल प्रतिभा शर्मा, शिवानी छिप्पा और अंजू मौर्या विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं आयोजक संस्था की ओर से परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी तथा उनकी नुक्कड़ नाटक टीम से विकास, निलेश और लव कुश मौजूद थे।



### यूडीए में अध्यक्ष-संचालक मंडल ने पदभार संभाला

**उज्जैन।** नगरीय विकास एवं अवास विभाग द्वारा जारी आदेश 26 अप्रैल के तारतम्य में मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियिम 1973 की धारा 40 के तहत रविन्द्र (रवि) सोलंकी को उज्जैन विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष, मुकेश यादव एवं रवि वर्मा को उज्जैन विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष तथा विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामागुरू), सुशीला जाटवा व दुर्गा बिलोटिया को सदस्य नियुक्त किया गया है। मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया गया।

### आयशर-टैंकर की भिड़ंत, एक मौत

**उज्जैन।** चिंतामन थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में बड़नगर रोड पर आयशर और टैंकर की भिड़ंत हो गई। आयशर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय उज्जैन लाया गया। जहां से इंदौर रेफर किया गया लेकिन रास्ते मे मौत हो गई। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार घायल अज्ञात व्यक्ति को गंभीर हालत में में लाया गया था, जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। घायल के दोनों पैरों में गंभीर चोट लगी थी फोन भी अधिक बह चुका था। हालात नाजुक होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एंबुलेंस चालक बॉडी वापस जिला चरक अस्पताल ले आया। मामले की जानकारी लगने पर चिंतामण थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी जहां सामने आया कि टैंकर और आयशर की भिड़ंत हुई है। ग्रामीणों की मदद से आयशर चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया था। मृतक चालक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं संभवत: वह प्रयागराज का रहने वाला है। जिसका नाम विजय होना सामने आ रहा है फिलहाल परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# ढांचा भवन आगजनी में शामिल 2 नाबालिग गिरफ्तार

**उज्जैन।** ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों में शामिल 2 नाबालिग सोमवार को पुलिस की हिरासत में आ गये। दोनों को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था। आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था। वही रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो पुटेज के आधार पर 13 बदमाशों को चिन्हित किया गया था। आगजनी में शामिल 2 नाबालिगों को पुलिस हिरासत में आ गये। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि दोनों नाबालिग बापूनगर और बजरंग नगर के रहने वाले है। जिन्हे दोपहर में कोर्ट पेश किया गया था। जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। विदित हो कि 3 दिन पहले पुलिस ने मामले से जुड़े किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूत बरामद किये गये थे। इससे पहले 14 अप्रैल को संतोष परमार पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। 8 अब भी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। सभी बदमाश बुंदेला गैंग से जुड़े होना सामने आये है। जिनकी बदमाश रौनक गुर्जर के साथ सालों पुरानी रंजिश चली आ रही है।

# बदमाश के पास से मिला 15 इंच लंबा चाकू

▶ गोपालपुरा ब्रिज के पास धमकाकर भय पैदा कर रहा था लोगों में

**उज्जैन। गोपालपुरा ब्रिज के पास बदमाश चाकू दिखाकर लोगों को धमकाकर भय पैदा कर रहा था। रात्रि गश्त पर निकले माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम को लोगों ने सूचना दी तो वह गश्त टीम के साथ गोपालपुरा ब्रिज के पास पहुंचे। बदमाश ने पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। जिसे पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 इंच से अधिक लम्बा चाकू बरामद हो गया।**

एएसआई गौतम ने बताया कि बदमाश से पूछताछ में उसका नाम अमान पिता इलियास खान 20 साल निवासी गांधीनगर पता चला। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। चाकू के साथ नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने रात में सूचना मिलने पर राजीव रत्न कालोनी से आनंदीलल पिता रामचंद्र खत्री निवासी आबूखाना कोलूखेड़ी भैरवगढ़ को गिरफ्तार किया। जिसके पास से खटेकदार चाकू बरामद हुआ है। बदमाश किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने भी सर्कल भ्रमण के दौरान संदिग्धों की तलाशी के दौरान जस्सू का ढाबा के पास से सचिन मालवीय निवासी बापूनगर और औद्योगिक क्षेत्र झुग्गी बस्ती से चेतन कुशवाह निवासी भैरू महाराज की गली के पास से चाकू बरामद किया है।

# भाइयों ने पिता-पुत्र पर किया हमला

**उज्जैन।** मकान पर किए गए कब्जे का मामला कोर्ट में विचाराधीन था। निर्णय आने पर कब्जाधारियों को मकान खाली करने के आदेश जारी किए गए। इसी बात पर कब्जाधारियों ने मकान मालिक और उसके पुत्र पर हथियारों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से मकान मालिक घायल हुआ है। पुत्र को मामूली चोट लगी है।

नागदा के ग्राम गोठड़ा में रहने वाले शंकरलाल पिता रतनलाल 55 साल के मकान पर रतनलाल, ओमप्रकाश और सांगू ने कब्जा कर लिया था। तीनों सगे भाई हैं। मकान पर कब्जा होने पर शंकरलाल ने मामला कोर्ट में प्रस्तुत किया था जहां कई महीनों चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने शंकरलाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कब्जाधारियों को मकान खाली करने के आदेश जारी कर दिए। इसी बात से तीनों भाई आक्रोशित थे। सोमवार शाम को रतनलाल शादी में शामिल होने के लिए ग्राम माऊड़ी गया था। जहां से भांजे कान्हा के साथ वापस लौट रहा था। रास्ते में मकान पर कब्जा करने वाले तीनों भाइयों ने शंकरलाल को रोक लिया और हमला कर दिया। भांजे कान्हा ने शंकरलाल के पुत्र प्रहलाद को जानकारी दी। पुत्र प्रहलाद कार से घटना स्थल पहुंचा व लेकिन तीनों भाइयों ने उसके साथ भी स मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ कर दी और तलवार से टायर काट दिए। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। शंकरलाल गंभीर रूप से घायल हुआ था अ जिसे पुत्र प्रहलाद और भांजा कान्हा उपचार ह के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से ब उज्जैन रैफर किया गया है। मामले में पुलिस थ द्वारा जांच शुरू की गई है।

# बाइक से आए दो बदमाशों ने फोड़े कार के कांच

▶ कैमरे में कैद हुआ घटनाक्रम, पुलिस ने शुरू की तलाश



**उज्जैन।** घरों के बाहर खड़े वाहनों के कांच फोड़ने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार बदमाशों ने मिशन कम्पाउंड में खड़ी कार के कांच फोड़े। कैमरे में 2 बदमाश दिखाई दिये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के मिशन कम्पाउंड में रहने वाले संदीप कुमार मीणा फार्मा कंपनी में सुपरवाइजर है। रात में उन्होंने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 6504 घर के बाहर कम्पाउंड में खड़ी की थी। सुबह जब वह कंपनी जाने के लिये कार के पास पहुंचे तो आगे और पीछे दोनों साईड के कांच फूटे हुए थे। रात में अज्ञात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। इस दौरान कम्पाउंड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें रात 1 बजकर 57 मिनट पर 2 बदमाश आते दिखाई दिये। जिन्होंने अपनी बाइक कुछ दूर खड़ी की और कार के पास आये। दोनों ने पत्थरों से कार के कांच पर वार किये और भाग निकले। फुटेज समाने आने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की है। कार के कांच फोड़ने का यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में कई थाना क्षेत्रों में घरों के बाहर खड़े वाहनों के कांच फोड़ने के मामले सामने आ चुके है। कुछ वारदातों में नाबालिग होना सामने आये है।

### पत्नी के बुलाने के बाद रिश्तेदारों ने पति-पत्नी के साथ की मारपीट

उज्जैन। पत्नी के बुलाने पर पहुंचे पति और दोस्त पर रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। बीच बचाव का प्रयास करने में पत्नी भी घायल हो गई। पुलिस ने मामले में 5 से 6 लोगों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। चरक अस्पताल में भर्ती जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले मंगलेश पिता ज्ञानेश नायक ने बताया कि पत्नी बरखा का मायका ग्यारसी नगर में है। शाम को पत्नी ने कॉल कर बताया कि उसके साथ रिश्तेदारों द्वारा मारपीट की जा रही है। वह अपने दोस्त संदीप परिहार के साथ ग्यारसी नगर पहुंचा, जहां पत्नी के रिश्तेदार समीर जगदीश और रंजीत ने अपने 2-3 साथियों के साथ मिलकर मंगलेश और संदीप के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। पति और उनके दोस्त के साथ मारपीट होती देखा बरखा बीच बचाओ में आई तो रिश्तेदारों ने उसके साथ भी मारपीट की। घायल होने पर चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# उज्जैन में ग्रीष्मकालीन शस्त्र विद्या प्रशिक्षण शिविर शुरू

**उज्जैन। शहर के युवाओं को शस्त्र विद्या में प्रशिक्षित करने और आत्मरक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। परंपरागत लाठी खेल मंच, मध्य प्रदेश के अंतर्गत वामेश्वर महादेव, चेरी टेबल हॉस्पिटल के पीछे, गोल्डन ग्रुप गार्डन में एक ग्रीष्मकालीन शस्त्र विद्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का विधिवत शुभारंभ 24 अप्रैल को हुआ है। यह प्रशिक्षण शिविर 31 मई तक चलेगा।**



समारोह का औपचारिक शुभारंभ नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा और एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर मध्य प्रदेश के परंपरागत लाठी के इंचार्ज अरविंद जोशी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 8 से 9.30 बजे तक चलेगा, जिसमें कराटे, जूडो, खो-खो, कबड्डी, तलवार फाइट, लाठी फाइट, और मेडिटेशन जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में 4 से 25 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं और युवक-युवतियां बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### बच्चों को इस शिविर का हिस्सा बनाएं

कोच पूजा चौहान ने शहरवासियों से इस पहल से जुड़ने की अपील करते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को इस शिविर का हिस्सा बनाएं। इससे बच्चे आत्मरक्षा के गुर सीखकर खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना सकेंगे और यह कक्षा शहर के लिए एक बेहतरीन उदाहरण पेश करेगी।

# 21 दिवसीय अष्टधूनी तपस्या का आयोजन आज से

▶ कार्यक्रम समापन के अवसर पर 20 मई को होगा विशाल भंडारा

**उज्जैन।** शिप्रा नदी के समीप स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर 21 दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दुर्लभ एवं कठोर अष्टधूनी तपस्या का आयोजन किया जा रहा है। यह तपस्या 29 अप्रैल से प्रारंभ होकर 19 मई तक चलेगी, जबकि 20 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन अघोर अखाड़ा एवं श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में संपन्न होगा। तपस्या खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ महाराज द्वारा की जाएगी। जो विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक अघोरी बाबा योगी बम बम नाथ महाराज के शिष्य हैं। रवि चौधरी ने बताया कि अष्टधूनी तपस्या सनातन धर्म में हठयोगी साधुओं द्वारा की जाने वाली अत्यंत कठिन अग्नि साधना मानी जाती है। साधक भीषण गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अग्नि के मध्य बैठकर अथवा खड़े रहकर ध्यान एवं तपस्या करते हैं। यह अष्टधूनी तपस्या भगवान काल भैरव, अष्टभैरव एवं योगी बाबा बम बम नाथ महाराज को समर्पित रहेगी। आयोजन चक्रतीर्थ श्मशान घाट स्थित गुरुदेव की तपोस्थली पर योगी सोमवार नाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

# डॉ. अभिषेक माथुर बने महामंडलेश्वर

▶ गौ रक्षा अखाड़े का गठन : जगद्गुरु

▶ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मार्गदर्शन में हुआ पट्टाभिषेक

**उज्जैन।** अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए चतुरंगिनी सेना बनाने का ऐलान किया गया है। इसके प्रथम चरण में हरिद्वार की पावन नगरी में मां गंगा के तट पर गौ रक्षा अखाड़े का विधिवत गठन किया गया। इस भव्य आध्यात्मिक समारोह में पट्टाभिषेक एवं शपथ ग्रहण के साथ उज्जैन के डॉ. अभिषेक माथुर को महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत किया गया। नामकरण के पश्चात अब उन्हें स्वामी अभिषेक दास महाराज के नाम से जाना जाएगा। पटिया वाले बाबा के प्रिय शिष्य डॉ. माथुर लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे उज्जैन में जानकी रमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष व संचालक हैं।



### समारोह में लगभग 31 संतों को मिली उपाधि

नवगठित गौ रक्षा अखाड़े का संरक्षण स्वयं जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज करेंगे और संस्था उन्हीं के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। अखाड़े का प्रतिनिधित्व आचार्य महामंडलेश्वर शिवम महाराज एवं दीपकेश्वरानंद महाराज द्वारा किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में लगभग 31 संतों को महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्री महंत और धर्माचार्य आदि की उपाधियां प्रदान कर अखाड़े में शामिल किया गया।

**वीआईपी आगमन** ▶ मंदिर में अभी रोज कोई न कोई वीआईपी पहुंच रहा, गर्भगृह के बाहर से पूजा

# गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की पत्नी ने की महाकाल की भस्मारती

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में इन दिनों रोजाना ही कोई न कोई वीआईपी दर्शन करने पहुंच रहा है। जिसमें अनेकों बार अभिनेता और अभिनेत्रियों का आगमन हो चुका है। जो कि अपनी फिल्मों के सफल होने की कामना को लेकर दर्शन करने आ रहे हैं। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ राज्यपाल और अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी दर्शन कर चुके हैं। इसी क्रम में मंदिर प्रशासन भी आम श्रद्धालुओं के साथ वीआईपी भक्त को सुविधा अनुसार दर्शन करवा रहा है।**



इसी कड़ी में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल की धर्मपत्नी हेतलबेन पटेल मंगलवार को तड़के 4 बजे उज्जैन आई। वे महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल के दर्शन व पूजन किया। पुजारियों ने तिलक आदि कर उन्हें प्रसाद भेंट किया। वहीं मंदिर समिति की ओर से हेतल बेन पटेल का स्वागत किया गया।

### भगवान नृसिंह जन्मोत्सव कल



उज्जैन में भगवान नृसिंह का प्रकट उत्सव 30 अप्रैल को मनेगा। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर सहित भरतपुरी इस्कॉन मंदिर, शिप्रा के नृसिंह घाट स्थित श्री नृसिंह मंदिर सहित अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। वैशाख शुक्ल चतुर्दशी नृसिंह जन्मोत्सव पर्व के रूप में मनेगी। महाकाल मंदिर में भी नृसिंह मंदिर है जहां सुबह से उत्सव होगा व श्रृंगार आदि कर दिन में आरती की जाएगी। इस्कॉन मंदिर के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि भगवान का अभिषेक कर श्रृंगार कर भोग आदि लगाया जाएगा तथा रात तक दर्शन होंगे। नृसिंह घाट पर भी पुजारी दाणी ने बताया कि सुबह ब्राह्मणों द्वारा नृसिंह भगवान का अभिषेक किया जाएगा। शाम को महाआरती कर फलों का भोग लगाया जाएगा।